CMYK

सूर्यास्त
उतराखण्ड में शनिवार
सायं 5:57 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:19 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 111 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 18 अक्टूबर 2025




देर रात धू-धूकर जलकर खाक...पेज-3 पर





















# आज ब्रह्म योग में मनाई जाएगी धनतेरस

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आज यानी18 अक्तूबर , शनिवार को दिवाली के पंचदिवसीय त्योहार में से पहला पर्व धनतेरस मनाया जाएगा। धनतेरस, सनातन धर्म में एक अत्यंत शुभ और मंगलमय पर्व माना जाता है, जो कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व दीपावली के पांच दिवसीय उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है और इसे धन, स्वास्थ्य और समृद्धि के आगमन का दिन माना जाता है। खास बात यह है कि आज ब्रह्म योग और बुधादित्य योग का शुभ संयोग बन रहा है, जो आर्थिक प्रगति और भाग्यवृद्धि के लिए अत्यंत अनुकूल माने गए हैं। इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान कुबेर और भगवान धन्वंतरि की पूजा कर सुख, समृद्धि और निरोगता की कामना की जाती है।



धनतेरस का महत्व केवल पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दिन घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को आमंत्रित करने का अवसर भी है। परंपरागत रूप से इस दिन सोना-चांदी, धातु के बर्तन, झाड़ू, औषधियाँ, और घरेलू उपयोग की वस्तुएं खरीदी जाती हैं, जो सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती हैं। साथ ही, कुछ ऐसी वस्तुएं भी हैं जिन्हें इस दिन खरीदना वर्जित माना गया है। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस पर सोच-समझकर की गई खरीदारी न सिर्फ शुभ फल देती है, बल्कि घर में लक्ष्मी का स्थायी वास भी सुनिश्चित करती है।

धनतेरस पर क्या खरीदें

सोने या चांदी के सिक्के- धनतेरस पर सोने या चांदी के सिक्के खरीदना शुभ माना जाता है, विशेष रूप से उन सिक्कों पर अगर देवी लक्ष्मी और भगवान कुबेर की छवि बनी हो। यह घर में धनवृद्धि और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक होता है।

बर्तन- इस दिन पीतल, तांबे या स्टील के बर्तन खरीदना समृद्धि और शुद्धता का प्रतीक माना गया है। बर्तनों को खरीदकर उसमें कुछ दाने चावल या जल डालकर घर लाने की परंपरा भी है, जो शुभता को बढ़ाता है।

नई झाड़ू- सनातन मान्यताओं में झाड़ू को मां लक्ष्मी का एक रूप माना गया है। धनतेरस के दिन नई झाड़ू खरीदना दरिद्रता और नकारात्मक ऊर्जा को घर से बाहर करने का प्रतीक है।

इलेक्ट्रॉनिक सामान- मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, वॉशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरण इस दिन खरीदना शुभ फलदायी माना जाता है। यह आधुनिक जीवन में सुविधा और तकनीकी समृद्धि का प्रतीक है।

वाहन या नई धातु की वस्तुएं- धनतेरस पर नया वाहन, स्कूटर, बाइक या कार आदि खरीदना भी शुभ माना जाता है। यह नई शुरुआत और उन्नति का संकेत होता है। साथ ही कोई भी नई धातु की वस्तु जैसे ताले, तिजोरी, किचन आइटम्स आदि भी खरीदी जा सकती हैं।

## NEWS / फटाफट

### नैनीताल,भवाली व भीमताल में लगेंगी 50 आतिशबाजी की दुकानें

**नैनीताल** । दीपावली में नैनीताल समेत भवाली व भीमताल क्षेत्र में पटाखों की दुकान लगाने के लिए एसडीएम ने 50 लाइसेंस जारी कर दिए हैं। एसडीएम ने नियमों का पालन करते हुए दुकान लगाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि दीपावली के दौरान पटाखों की दुकान लगाने के लिए नैनीताल तथा भवाली व भीमताल क्षेत्र में 500 लोगों ने पटाखों की दुकान लगाने के लिए आवेदन किया था। शुक्रवार को एसडीमए ने लोगों को पटाखों की दुकान लगाने के लिए लाइसेंस जारी कर दिए हैं। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि 50 लोगों को लाइसेंस जारी किए गए हैं साथ ही लोगों से नियमों का पालन करते हुए पटाखों की दुकान लगाने के निर्देश दिए हैं साथ ही पुलिस व अग्निशमन विभाग को भी दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### नैनीताल के फायर हाईडेंटों में हर समय रहे पानी

**नैनीताल** । नैनीताल में दीपावली को लेकर पुलिस ने विभिन्न विभागों व कारोबारियों के साथ बैठक की। बैठक में विशेषकर जल संस्थान से पानी की सही व्यवस्था करने की बात कही, साथ ही फ ायर हाइड्रेंटों में भी 24 घंटे पानी रखने की मांग की। शुक्रवार को मल्लीताल कोतवाली में पुलिस ने व्यपारियों, जल संस्थान व ऊर्जा निगम व अग्निशमन विभाग के साथ बैठक की। इस दौरान कारोबारियों ने पुलिस से बाजार में बिना अनुमति आकर कारोबार कर रहे बाहरी लोगों को हटाने की मांग की, वहीं कारीबारियों ने जल संस्थान से दीपावली के दौरान पानी की सही व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल आपूर्ति के साथ ही फ ायर हाइड्रेंट की लाइनों में 24 घंटे पानी रखा जाए ताकि संभावित अग्नि घटनाओं के दौरान अग्निशमन विभाग को परेशानी नहीं झेलनी पड़े। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने विभिन्न विभागों से कारोबारियों से सामंजस्य बनाते हुए व्यवस्थाएं बनाने की बात कही है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, महामंत्री त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, उपाध्यक्ष राजेश वर्मा व भारती कैड़ा समेत ममता जोशी, एफ एसओ श्री नेगी, एसओ मनोज नयाल तथा एसडीओ प्रियंक पांडे व गोपाल कार्की तैनात रहे।

### शराब पीकर पार्किंग में अधिवक्ताओं के साथ की अभद्रता

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल में मेट्रोपॉल पार्किंग स्थल पर कार पार्क करने के दौरान अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता करना नेपाली मजदूर को महंगा पड़ गया। पुलिस ने शराब के नशे में धुत नेपाली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार नेपाल निवासी प्रेम सिंह अपने परिवार के साथ अवैध तरीके से मेट्रोपोल में टूटे भवनों में रहता है। वहीं अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित कार पार्किंग में कार पार्क करने के दौरान वह रोजाना गाली गलौच करता है। साथ ही पैसे भी मांगता है। बृहस्पतिवार की रात को भी नशे में धुत नेपाली मजदूर ने कार पार्क करने के दौरान अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर वह गाली गलौच में उतर आया। नशे की हालत में देख अधिवक्ताओं की ओर से पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नेपाली मजदूर को गिरफ्तार कर लिया। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि प्रेम सिंह को गिरफतार कर कोर्ट पेश किया गया है।

### नैनीताल के जलालगांव के युवक से साढ़े आठ लाख की ठगी

**नैनीताल** । नैनीताल के समीपवर्ती गांव के एक युवक को मोबाइल में तीन पत्ती गेम खेलना महंगा पड़ गया। युवक ने गेम खेलने के दौरान साढ़े आठ लाख रूपये गवा दिए। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नैनीताल के जलालगांव निवासी गोपाल सिंह ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते वर्ष उसके दोस्त ने उसको एक गेम का लिंक भेजा था। जिससे उसने तीन पत्ती गोल्ड एप डाउनलोड किया और गेम खेला। गेम खेलने के दौरान उसने गूगल पेए फोन पे व पेटीएम से कई अकाउटों में पेमेंट किया। उसने लगभग साढ़े आठ लाख रूपया एप में डाल दिया। अकाउंट से भुगतान करने के बाद भी उसका पैसा गेम वोलेट में क्रेडिट नहीं हुआ लेकिन उसके अकाउंट से राशि कट चुकी थी। हेल्प सेंटर में कई बार बात करने के बाद भी पैसा ना तो गेम वोलेट में एड हुआ और ना ही उसके अकाउंट में वापस आया। उसने 1930 में कॉल करके भी अपनी शिकायत दर्ज की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।



# अंतराट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस नैनीताल में लगा विधिक साक्षरता शिविर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा अंतराष्टीय गरीबी उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य पर पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल व राजकीय इंटर कॉलेज बालक तल्लीताल नैनीताल के विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव द्वारा बताया गया की गरीबी और अभाव के उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाने और लोगों के प्रयासों और संघर्षों को स्वीकार करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। गरीबी उन्मूलन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता,आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को किस प्रकार से सहायता मुहैया कराता है के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई जिसमें बताया की आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को यदि न्यायालय में अपना वाद प्रस्तुत करना हो तो उसके लिए वह अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है तथा उसके बाद में वाद मे आने वाले खर्च से बच सकता है। सचिव द्वारा पाकसो अधिनियम के बारे में भी बताया।

# स्कूली बच्चों ने रौपे पौधे साथ ही ली हिमालय बचाने की शपथ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधा रोपण अभियान शुक्रवार को 458 वें दिन भी जारी रहा।

बता दें पौधा रोपण अभियान के 458 वें दिन विद्यालयों को पौधारोपण अभियान से जोडने के क्रम में अभिलाषा एकेडमी जूनियर हाईस्कूल डीडीहाट के 1500 छात्र-छात्राओं को पौधारोपण अभियान से जोड़ा गया। दिनेश गुरुरानी ने छात्र-छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। छात्र-छात्राओं ने परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया । छात्र-छात्राओं ने यह कहा कि वह भी पौधारोपण अभियान से प्रेरित होकर अपने घर पर भी पौधारोपण करेंगे। छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान भी चलाया। विद्यालय में अभिलाषा एकेडमी के स्टाफ द्वारा प्रबंधक चंचल सिंह नितवाल व प्रधानाचार्य डॉ. अनिता जोशी के नेतृत्व में दिनेश गुरुरानी को पर्यावरण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य के लिए शाल उडाकर व स्मृति चिन्ह देकर सममानित किया गया। प्रतियोगिता में विजई छात्र.छात्राओं को दिनेश गुरु रानी द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए डॉ. किशोर पन्त, निशांत खोलिया, विनीता आर्या, स्नेहलता पाटनी, वंदना, निहारिका, विजया नितवाल, पूनम, पूजा जोशी व दीपा आर्या तथा पूजा वर्मा शामिल रहे। इधर दिनेश गुरुरानी ने नित्य की भांति अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गौशाला चालक,उसके परिवार पर हमला कर फायरिंग की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने एक गौशाला चालक और उसके परिवार पर हमला कर फायरिंग के मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर हुई है। इशरत अली पुत्र मुंशी निवासी वार्ड नंबर 5 जगतपुरा ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर न्याय की गुहार लगाई थी।

पीड़ित के अनुसार 21 अगस्त की रात करीब दस बजे वह मोहल्ले में टहल रहा था। तभी उसने देखा कि निसार अहमद, शाकिर, साजिद, अबरार और उनके साथ 10 से 12 अज्ञात लोग रेहान उर्फ टिन्ना नाम के युवक से मारपीट कर रहे थे। बीच-बचाव करने पर सभी आरोपी वहां से चले गए। लेकिन करीब एक घंटे बाद वही लोग लाठी-डंडे, धारदार हथियार और तमंचों से लैस होकर इशरत अली के घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने इशरत अली और उनके पुत्र फुरखान पर हमला कर दिया। हमले में इशरत अली के सिर पर गंभीर चोट आई। इलाज रुद्रपुर के सरकारी अस्पताल में कराया गया।उनके सिर में आठ से दस टांके लगे और बाद में उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। उनके पुत्र फुरखान के दाहिने हाथ पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे उसका हाथ फट गया और बाएं हाथ पर भी गहरी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने तमंचे से हवाई फायरिंग की और घर में तोड़फोड़ करते हुए सोने-चांदी के आभूषण और कार लूट ली। घटना के दौरान आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। ट्रांजिट रिमांड ने कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के मुताबिक हमलावर गुंडा प्रवृत्ति के हैं और पीड़ित परिवार को अब भी जान-माल का खतरा बना हुआ है।

# कैंची धाम में संदिग्ध हालात में गोली लगने से युवक की मौत

**भीमताल**। कैंची धाम स्थित किरौला रेस्टोरेंट में शुक्रवार की देर रात दो बजे एक युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

कैंची धाम स्थित किरौला रेस्टोरेंट में शुक्रवार की देर रात दो बजे एक युवक की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। गोली चलने की घटना मिलते ही भवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया। कोतवाली पुलिस के एसएसआई आसिफ खान ने बताया कि शुक्रवार की देर रात बेतालघाट निवासी आनंद सिंह (39) की गोली लगने से मौत होने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव कब्जे में लिया है। साथ ही फॉरेसिंक टीम को बुलाया गया है। आसिफ ने बताया कि जिस बंदूक से गोली चली है वह लाइसेंसी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

# स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल, कुविवि में खुला हॉस्पिटैलिटी स्किल डेवलपमेंट सेंटर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में शक्रवार को हॉस्पिटैलिटी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। बता दें यह केन्द्र उत्तराखण्ड के युवाओं को आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केन्द्र सेतु आयोग की पहल पर एक बहु हितधारक सहयोग मॉडल के अंतर्गत स्थापित किया गया है जिसमें सेतु आयोग नीति प्रणेता एवं समन्वयक, टाटा स्ट्राइव प्रशिक्षण एवं क्रियान्वयन सहयोगी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड आईएचसीएल,ताज होटल्स, उद्योग सहयोगी कुमाऊँ विश्वविद्यालय शैक्षणिक सहयोगी तथा उत्तराखण्ड स्किल डेवलपमेंट मिशन एवं उच्च शिक्षा विभाग राज्य के सहयोगी के रूप में शामिल हैं। यह सहयोग मॉडल शिक्षा, उद्योग और सरकार को एक साझा मंच पर लाकर युवाओं को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर तीन प्रमुख लघु अवधि के पाठ्यक्रम फ्रंट ऑफि स एसोसिएट, कॉमी शेफ और फूड एंड बेवरेज सर्विस एसोसिएट आरंभ किए गए जिनकी अवधि तीन से चार माह रखी गई है। इन पाठ्यक्रमों में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण को जोड़ा गया है तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिष्ठित होटल श्रृंखलाओं तथा पर्यटन संस्थानों और सेवा क्षेत्रों में प्लेसमेंट सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने कहा कि यह पहल विजन स्किल्ड उत्तराखण्ड के लक्ष्य से जुड़ी है और यह प्रदेश में शिक्षा एवं उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत कर क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(कर्नल) दिवान सिंह रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय इस केन्द्र का शैक्षणिक सहयोगी बनकर गर्व का अनुभव कर रहा है और यह पहल रोजगारोन्मुख उच्च शिक्षा की दिशा में विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण को साकार करती है।

# अभिमत

## कटु सत्य

*राजनीति से जुड़े लोग सच को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की स्पष्टवादिता की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से कटु सत्य  कहने का साहस जुटाया। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि 'अच्छे लोग' राजनीति से दूर रह रहे हैं। उन्होंने युवाओं से देश की राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया। 'अच्छे लोग' सिर्फ शब्द नहीं आइना है और इसमें राजनीति की दुनिया से जुड़े लोगों को अपना चेहरा देखने की जरूरत है। रामनाथ कोविंद ने दो शब्दों में ही पूरे राजनीतिक परिदृश्य को परिभाषित कर दिया है।*

विश्व के हर क्षेत्र में परिवर्तन होता रहता है। देश, काल, परिस्थिति के अनुसार परिवर्तन होना आवश्यक है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति हुई है। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राजनीतिक क्षेत्र में चाल, चरित्र और चेहरा बदलना मामूली बात है। बदलाव से किसी को गुरेज नहीं है, लेकिन मूल्यों में गिरावट चिंताजनक है। छवि धूमिल होने से सवाल उठते हैं। राजनीति से जुड़े लोग सच को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की स्पष्टवादिता की जितनी प्रशंसा की जाए, कम होगी। पूर्व राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से कटु सत्य  कहने का साहस जुटाया। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि 'अच्छे लोग' राजनीति से दूर रह रहे हैं। उन्होंने युवाओं से देश की राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान किया। 'अच्छे लोग' सिर्फ शब्द नहीं आइना है और इसमें राजनीति की दुनिया से जुड़े लोगों को अपना चेहरा देखने की जरूरत है। रामनाथ कोविंद ने दो शब्दों में ही पूरे राजनीतिक परिदृश्य को परिभाषित कर दिया है। पिछले कुछ वर्षों से विश्वविद्यालयों के छात्र संघ चुनाव के लिए राजनीतिक दलों को प्रत्याशी मिलना कठिन हो गया है। अपने भविष्य के प्रति गंभीर युवा छात्र जीवन में राजनीति करना नहीं चाहता है। उसे राजनीति के क्षेत्र में संभावनाएं नजर नहीं आती हैं। युवा का रुझान इंजीनियर, डाक्टर, चार्टर्ड एकाउंटेंट, आईएएस, आईपीएस, पीसीएस अधिकारी तथा सेना में देश की सेवा करने की ओर है। शिक्षित के साथ कम पढ़े-लिखे व्यक्ति की सामान्य अवधारणा है कि राजनीति में अच्छे लोग बहुत कम हैं। नेताओं के घोटालों का खुलासा होने और जेल जाने के मामलों की चर्चा गली-मोहल्लों में होती रहती है। राजनीतिक दल चुनाव के दौरान एक-दूसरे को चोर साबित करने की होड़ लगा देते हैं। उस समय ऐसा लगता है कि किसी भी पार्टी में अच्छे लोग नहीं हैं। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवा छात्र जीवन में भी राजनीति में सक्रिय हो जाते थे और अधिकतर स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी मिलने के बाद देश की बागडोर संभाली। राजनीति को देश की सेवा का क्षेत्र माना जाता था। राजनीति से जुड़े लोग आदर्शवादी होते थे और उनसे अन्य लोग प्रेरणा लेते थे। रामनाथ कोविंद ने उसी तरह के नेताओं को अच्छे लोग कहा है।

# देर रात धू-धूकर जलकर खाक हुआ रेस्टोरेंट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बीती देर एक रेस्टोरेंट देखते ही देखते धू-धू कर अचानक जल गया, इसका जिम्मेदार बिजली विभाग को बताया जा रहा है। गौरतलब है कि ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्र के पास स्थित कैफे 18 में देर रात बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते रेस्टोरेंट को आग ने अपनी आगोश में लेलिया  इस आग से लाखों रुपए का सामान जलकर स्याह हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम और ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, जब तक आग पर नियंत्रण पाया जाता, रेस्टोरेंट का एक बड़ा हिस्सा जल चुका था। इस आगजनी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। रेस्टोरेंट स्वामी अभय नेगी ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग को शिकायत कर रेस्टोरेंट के पास लगे बिजली के पोल को दूसरी ओर शिफ्ट करने की मांग की थी। लेकिन विभाग ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। अभय नेगी का आरोप है कि विभाग की इसी घोर लापरवाही के चलते यह बड़ा हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में उनका लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, जिसका आकलन फिलहाल किया जा रहा है। इस घटना पर स्थानीय लोगों ने भी बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

लोगों ने कहा कि अगर विभाग ने समय रहते कार्रवाई की होती तो यह हादसा टल सकता था। इस बीच, एसडीएम राहुल शाह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों और नुकसान का आकलन करने के लिए जांच जारी है। अगर जल्दी ही आप पर काबू नहीं पाया जाता तो आज आसपास की दुकानों में भी लग सकती थी जिसे एक बड़ा हादसा हो सकता था लेकिन दमकल गर्मियों के तीन बहनों ने शीघ्र ही हाथ पर काबू प्रकार बड़ा हादसा रोका।

## पत्नी का हाथ तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने वाला पति गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने अपनी पत्नी को जान से मारने की कोशिश कर हाथ तोडने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार  कर लिया। पुलिस कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक 3 अक्टूबर 25 को पीड़ित हुकुम लाल पुत्र भूपराम निवासी ग्राम पैनियां हिम्मत थाना देवरिया,तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत यूपी की तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री जशोदा के पति पीतमराम शराब का सेवन कर मारपीट करता है। उसका हाथ तोड दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे नोटिस देकर छोड़ दिया था। चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली ने बताया कि  अभियुक्त नोटिस की शर्तो का उल्लंघन कर मुकदमें से संबंधित गवाहों को डराना धमकाना प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि इसी आधार पर आरोपी पीतमलाल पुत्र नन्हे लाल निवासी दुधियानगर रुद्रपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# आबकारी विभाग का सीमावर्ती राज्य से देसी शराब की तस्करी का पर्दाफाश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



उत्तराखंड आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा तस्करी पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जनपद ऊधम सिंह नगर में एक सटीक, रणनीतिक और कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त उत्तराखंड,संयुक्त आबकारी आयुक्त कुमाऊं मंडल, जिला आबकारी अधिकारी ऊधम सिंह नगर, तथा सहायक आबकारी आयुक्त (प्रवर्तन) के दिशा-निर्देशन में की गई। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने मिली एक सूचना पर रात करीब 12:30 बजे ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में संदिग्ध स्कूटी को रोका गया। जिसमें 5 पेटी मस्तीह ब्रांड की देसी मदिरा बरामद की गई। पूछताछ में अभियुक्त ने प्रीत विहार क्षेत्र में अतिरिक्त स्टॉक की जानकारी दी। इस पर टीम ने तलाशी में 16 पेटी और बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्त सुनील पुत्र महेंद्र पाल, निवासी वार्ड 8 रम्पुरा,बृजकिशोर, दुकान मालिक, निवासी वार्ड 25 प्रीत विहार। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक मस्तीह ब्रांड की शराब सीमावर्ती राज्य यूपी में रुपए 75 प्रति टेट्रा पैक (200 एमएल ) की दर से उपलब्ध होती है,श। जबकि उत्तराखंड में इसी धारिता की माल्टा ब्रांड रुपए 95 में विक्रय होती है। इस मूल्य अंतर का अनुचित लाभ उठाकर तस्कर सीमावर्ती मार्गों से रुद्रपुर क्षेत्र में अवैध मदिरा की आपूर्ति कर रहे थे।राज्य के राजस्व की हानि पहुँचाई जा रही थी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ उत्तराखंड आबकारी अधिनियम की धारा 60 एवं 63 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है और कोर्ट में पेश किया गया।

कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। टीम में आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, बृजेश जोशी,विजेंद्र सिंह, महेश पंत, देवेंद्र कुमार,सिपाही दीपक दुबे, संतोष लोहनी, वीरेंद्र कुमार, विकास रावत, राजेंद्र प्रसाद, मंजू आर्या आदि शामिल रहे।



# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
## हल्द्वानी

B++ NAAC

UGC 12-B Recognised

NCVTE APPROVED

# प्रवेश प्रारंभ

०१ जुलाई एवं 01 जनवरी से प्रारंभ

**छात्रवृति**

ST, SC, एवं OBC छात्रों हेतु

# विभिन्न कार्यक्रम

**यूजीसी-डीईबी, आर.सी.आई, एआईसीटीई, एनसीवीटीई आदि द्वारा मान्यता प्राप्त कार्यक्रम:**

**स्नातक डिग्री:** बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बी.सी.ए, बी.बी.ए, बी.टी.टी.एम, बी.एड. (ओडीएल),बी.एल.आई.एस , बी.एड. (विशेष शिक्षा)

**मास्टर्स डिग्री:** एम.ए., एम.एस.सी., एम.बी.ए, एमसीए, एम.कॉम.,एम.एस.सी.(आईटी),एम.एस.सी.(साइबर सुरक्षा), एम.ए. (योग), एम.एस.सी. (जीओ इन्फार्मेटिक्स), एम ए जे एम सी, (पत्रकारिता एवं जनसंचार ), एम.टी.टी.एम, एम.ए.(मानवअधिकार),एम.एड.(विशेष शिक्षा),एम.एल.आई.एस

**डिप्लोमा/सर्टिफिकेट:** ज्योतिष, योग विज्ञान,मनोविज्ञान, आई.टी, पत्रकारिता एवं न्यूमीडिया, गढ़वाली,कुमाऊँनी, नेपाली, आर.टी.आई, संस्कृत, कृषि, भू-सूचना विज्ञान, आयुर्वेद, कंप्यूटर अनुप्रयोग, डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन आदि।

**अतिरिक्त गतिविधि: एनएसएस और रेड क्रॉस**



**प्रवेश हेतु**

## प्रमुख विशेषताएं

- उत्तराखंड विधानसभा अधिनियम संख्या 23/2005 द्वारा स्थापित
- राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय
- किसी के लिए भी, कभी भी, कहीं भी शिक्षा (आयु, समय और स्थान का लचीलापन)
- कामकाजी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए उच्च शिक्षा
- NEP-2020 के अनुसार सभी यूजी कार्यक्रम/पाठ्यक्रम में प्रवेश
- ऑनलाइन प्रवेश: ग्रीष्मकालीन सत्र (जुलाई) और शीतकालीन सत्र (जनवरी)
- शहीद सैनिकों की विधवाओं, घरेलू निर्धन महिलाओं,विकलांग व्यक्तियों, जेल कैदियों, तृतीय जेंडर के लिए विशेष शुल्क छूट
- अध्ययन केंद्र, परीक्षा केंद्र, कार्यक्रम सुधार/परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन करें
- परामर्श सत्र, प्रयोगशाला कार्यशाला/प्रयोगात्मक परीक्षा
- परीक्षा, डिग्री के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

## ऑनलाइन असाइनमेंट्स
### ऑनलाइन पाठ्य सामग्री

**शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ**

**क्षेत्रीय केंद्र: 08**

गढ़वाल क्षेत्र: देहरादून, रूड़की, पौड़ी, उत्तरकाशी

कुमाऊँ क्षेत्र: हल्द्वानी, रानीखेत, कर्णप्रयाग,पिथौरागढ़

**शिक्षार्थी सहायता केंद्र :131**

आदर्श अध्ययन केंद्र : 02

हल्द्वानी (16000) एवं,देहरादून (11000)

फ़ोन 05946-286000 05946-286043

वेबसाइट www.uou.ac.in https://online.uou.ac.in

admission@uou.ac.in exam@uou.ac.in

91.2 FM

swayam

SWAYAM PRABHA 20

**पता:**

ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी-263139, नैनीताल, उत्तराखंड